UNIVERSITY OF CAMBRIDGE

AET2

Asian and Middle Eastern Studies Tripos, Part II

Thursday 26 May 2016 09.00 to 12.00 pm

Paper MES 43

Elementary Hindi Language

*Answer **all** questions.*

*Write your number **not** your name on the cover sheet of **each** answer booklet.*

STATIONERY REQUIREMENTS

20 page answer booklet

Rough Work Pad

SPECIAL REQUIREMENTS TO BE SUPPLIED FOR THIS EXAMINATION

None

You may not start to read the questions printed on the subsequent pages of this question paper until instructed to do so.

Section A

1. **Read the following text and answer the questions below in Hindi:**

एक दिन जब नीना विश्वविद्यालय से आई, तो उसके एक हाथ में किताबें थीं, दूसरे हाथ में टोकरी। टोकरी में एक हल्का-सा ऊनी शाल सांस ले रहा था। मैं उस टोकरी को ध्यान से देखने लगा। सोचा, टोकरी में इस बार बिस्कुट, मिठाई, चाय नहीं, कोई खिलौना होगा। शायद पड़ोस के बच्चों के लिए हो। इतने में बहन रिक्शेवाले के पैसे देकर खुशी-खुशी बोली, "सुनीता, ज़रा शाल की परत उठाकर तो देखो कि क्या लाई हूं।" फिर बोली, "क्या कहूं, मेरी दोस्त मानी ही नहीं। ज़बरदस्ती इसे पकड़ा दिया।"

मैंने कुछ आश्चर्य, कुछ झुंझलाहट के साथ बहन की पहेली को समझने की कोशिश करते हुए शाल उठाना शुरू किया। तभी बहन पुकारने लगी, "राजू राजू! " राजू एकदम रुई की तरह सफ़ेद था, उसके माथे पर कत्थई रंग का धब्बा सुंदर लगता था। पूंछ पर भी कत्थई रंग के छल्ले बने थे। मेरा काफ़ी समय उसकी देख-भाल करने में लगने लगा। अभी वह डेढ़-दो महीने का ही था। साल भर राजू ने हमारा वह मनोरंजन किया कि यदि सब कुछ लिखूं , तो एक राजू-पुराण ही बन जाए। एक दिन राजू महाशय घर से गायब हो गए। अभी चार-पाँच महीनों के ही होंगे। हमने सारा घर छान डाला। सुबह से दोपहर हुई, फिर चाय का वक्त भी आ गया। बड़े बेमन से चाय पी। इतने में राजू की आवाज़ सुनाई पड़ी। हमने फिर खोज शुरू की। अंदर कपड़ों की अलमारी से आवाज़ आती हुई लगी। बहन ने अलमारी खोली, तो राजू-जी कूद कर बाहर निकले। दिन भर मुलायम कपड़ों की तहों में आराम से सो रहे थे!

1. सुनीता ने टोकरी की ओर देखकर मन में क्या सोचा?
2. वास्तव में टोकरी में क्या था?
3. सुनीता ने क्यों कहा राजू के बारे में सबकुछ लिखना असंभव है?
4. कौन सा वाक्य बताता है कि राजू के गायब होने से सब दुखी थे?
5. राजू कहाँ पाया गया?

(20 marks)

2. **Write out the complete sentences with the correct forms of the verbs given in brackets**

कल मैं उस दुकान पर ....(जाना) जिसमें कुरसियां और मेजें .... (बनना) हैं। मैंने मालिक से .... (पूछना) कि मेरी कुरसियां कब तैयार .... (होना)। उसने मुझसे कहा कि जो आदमी कुरसियां .... (बनाना) है, वह बीमार है, पर जैसे ही वह ठीक .... (होना) वैसे ही आपको कुरसियां मिल .... (जाना)। मैंने कहा कि मेरे ख़्याल से तो उसको मुझे कुरसियां पिछले महीने .... (देना) चाहिए ....। अगर शुरू में ही उसे मालूम था कि यह काम पूरा करने में कितना समय लगेगा, तो उसे मुझे बता .... चाहिए था। वह यह तो नहीं .... (चाहना) था कि मैं किसी दूसरी दुकान पर .... (जाना), इसलिए वह कुछ नहीं .... (बोलना)। पर वह जानता है कि जब तक मुझे कुरसियां नहीं ....(मिलना), तब तक मैं उसे पैसा नहीं .... (देना), इसलिए हम दोनों को आशा है कि कुरसी बनानेवाला जल्दी ही ठीक हो .... (जाना)। तब तक हमें फ़र्श पर ही .... (बैठना) होगा। मुझे तो फ़र्श पर बैठना अच्छा .... (लगना) है, पर जब मेरे माता पिता हमसे मिलने आते हैं तो उनको मुश्किल .... (होना) है। शायद मुझे अपने पड़ोसी से कुछ कुरसियां .... (लेना) पड़ेंगी।

(20 marks)

(TURN OVER)

Section B

3. Translate the following passage into English

हम कल दिल्ली अपने दोस्तों से मिलने जाएंगे। हमारे पास गाड़ी नहीं है, इसलिए हम रेलगाड़ी से जाएंगे। शायद हमारे दोस्त हम से स्टेशन पर मिलने आएंगे, क्योंकि वे पास ही रहते हैं। उनसे मिलने के बाद हम किसी होटल में खाना खाने जाएंगे, और फिर तीसरे पहर हम उनके यहाँ जाएंगे। मुझे होटलों में खाना खाना पसंद नहीं, लेकिन बच्चों को बहुत पसंद है। हमारे दोस्तों के दो लड़के हैं, और हमारे बच्चे शाम तक उनके साथ बड़ी खुशी से खेलेंगे। उनका मकान बहुत ही सुंदर है, और पास ही एक बहुत बड़ा बाग़ है। वह बहुत ही शान्त जगह है और बच्चों को वहाँ पर घूमना पसंद है। गरमियों में काफ़ी लोग वहाँ जाते हैं, पर जाड़ों में कोई नहीं जाता। कल हमें अपने कोटों की ज़रूरत नहीं होगी, क्योंकि कहते हैं कि पानी नहीं पड़ेगा। हमें आशा है कि उनका कहना ग़लत नहीं होगा।

(15 marks)

4. Translate the following passage into Hindi:

The day after tomorrow I am going to Delhi to learn Hindi. I shall stay there at least two months and I hope that after studying very hard I shall learn Hindi quite well. The sister of a friend of mine works in Delhi and it is with her that I shall stay. Her house is quite far from the college but the station is just nearby and so I shall go to the college by train every day. It seems that a lot of students live in that district. They must go to college by train in the same way, and I shall go with them because father says that it wouldn't be right for me to go alone. I don't agree with what he says, but I don't say anything because it would not be proper to speak like that in front of one's elders. My friend says that these days in India, especially in the big cities, the prices of things are very high and I'll need quite a lot of money.

(15 marks)

END OF PAPER